देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 101 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**विदेशी स्टूडेंट्स को ट्रंप का झटका




# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 17 जुलाई 2020




PAGE 3 PUBLICATION | मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 23.0° | 36033.06

2 पीओके में बांध बना रहा चीन

7 दूसरे टेस्ट से जोफ्रा आर्चर से बाहर

# चीन पर भारत का नया प्लान!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ईस्टर्न लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हालात सामान्य होने में कई महीनों का वक्त लग सकता है। भारत और चीन के बीच यह सहमति बनी है कि पूरी तरह डिसइंगेजमेंट किया जाएग। बावजूद इसके डिसइंगेजमेंट तेजी से नहीं हो पाएगा। गलवान घाटी में 15 जून को हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों तरफ भरोसे की कमी है, इसलिए हर कदम का लगातार वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

**जटिल प्रक्रिया, लगातार वेरिफिकेशन की जरूरत:** मंगलवार को दोनों देशों के बीच हुई कोर कमांडर स्तर की चौथे चरण की मीटिंग के बाद गुरुवार को भारतीय सेना ने कहा कि दोनों पक्ष पूरे डिसइंगेजमेंट के मकसद को हासिल करने के लिए वचनबद्ध हैं। सेना ने कहा कि यह प्रक्रिया जटिल है और इसके निरंतर वेरिफिकेशन की जरूरत है। भारतीय सेना के आधिकारिक बयान में कहा गया कि कोर कमांडर मीटिंग में सीनियर कमांडर्स ने पहले फेज के डिसइंगेजमेंट का रिव्यू किया और इस पर चर्चा की गई कि पूरी तरह डिसइंगेजमेंट के लिए किस तरह आगे कदम बढ़ाए जाएंगे। डिसइंगेजमेंट के लिए लगातार डिप्लोमेटिक और मिलिट्री स्तर पर मीटिंग होती रहेगी।

## भरोसा नहीं, चीनी सैनिक के हटने का होगा चेक



### पैंगोंग त्सो और हॉट स्प्रिंग में उलझन

सेना के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया इसलिए जटिल है क्योंकि अभी हजारों की संख्या में दोनों तरफ से सैनिक एलएसी के पास तैनात हैं। भले ही पहले फेज के डिसइंगेजमेंट के बाद दोनों तरफ के सैनिक एकदम आमने सामने नहीं हैं लेकिन दोनों तरफ से युद्ध स्तर की तैनाती पूरी है जो चिंता का सबब है। जहां सैनिक एकदम आमने-सामने थे वहां बफर जोन बनाने का मकसद ही यह था कि हालात बेकाबू ना हों।

**कुछ और दौर की बातचीत मुमकिन**

सूत्रों के मुताबिक पेट्रोलिंग पॉइंट-14 और पीपी-15 में पूरा डिसइंगेजमेंट हो गया है लेकिन पैंगोंग और हॉट स्प्रिंग एरिया में अभी वक्त लगेगा। इसके लिए लगातार बातचीत होगी। एक अधिकारी के मुताबिक, यहां जमीनी स्तर पर कदम उठाने से पहले मुमकिन है कि कुछ और दौर की बातचीत की जरूरत पड़े। उन्होंने कहा कि हजारों सैनिकों को पीछे करने में कई महीने लग सकते हैं। जब तक हालात सामान्य नहीं होते तब तक सामान्य पट्रोलिंग भी नहीं हो पा रही है। भारतीय सैनिक पहले पीपी-14, पीपी-15 और पीपी-17ए तक पट्रोलिंग करते थे लेकिन बफर जोन बनाने के बाद पट्रोलिंग नहीं की जा रही है।

### पैंगोंग सो में मौजूदा स्थिति

पैंगोंग सो एरिया में चीनी सैनिकों ने फिलहाल फिंगर 4 से पीछे हटकर फिंगर 5 पर जमावड़ा किया है। दूसरी तरफ भारतीय सैनिक भी फिंगर 2 और फिंगर 3 के बीच में धन सिंह थापा पोस्ट की तरफ पीछे हटे हैं। इस इलाके में भारत परंपरागत तौर पर फिंगर 8 तक पट्रोलिंग करता आया है जबकि चीन के सैनिक इस फिंगर से पीछे पट्रोलिंग करते थे। मई में चीन के सैनिक सैन्य साजोसामान के साथ भारतीय इलाके फिंगर 8, फिंगर 7, फिंगर 6 , फिंगर 5 से बढ़ते हुए फिंगर 4 तक चले आए। इसी बात को लेकर मई महीने में फिंगर 4 एरिया में दोनों देशों के सैनिकों के बीच धक्कामुक्की भी हुई थी। अभी चीनी सैनिक फिंगर 4 से पीछे हटकर फिंगर 5 पर जमे हुए हैं जबकि उन्हें फिंगर 8 से पीछे जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### असम, गुजरात में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। असम और गुजरात में बृहस्पतिवार को क्रमशः 4.1 और 4.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। गुजरात में भूकंप का केंद्र राजकोट में जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके सुबह सात बजकर 40 मिनट पर महसूस किए गए। असम में भूकंप का केंद्र करीमगंज जिले में जमीन से 18 किलोमीटर की गहराई में था। वहां भूकंप के झटके सुबह सात बजकर 57 मिनट पर महसूस किए गए। भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की अभी कोई खबर नहीं है।

### हाइवे प्रॉजेक्ट के लिए चाइनीज कंपनियों की बोली रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। गलवान घाटी घटना के बाद चीन के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध की दिशा में सरकार, यहां के लोग और कंपनियां काफी तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से संबंधित दो चाइनीज कंपनियों का ठेका रद्द कर दिया है। ऐसा सुरक्षा कारणों से किया गया है।परिवहन मंत्रालय ने संबंधित सूत्रों ने बताया कि मंत्रालय 800-800 करोड़ के दो प्रॉजेक्ट के लिए चाइनीज कंपनी की सब्सिडियरी को मौका नहीं देगी।

### चाबहार रेलवे प्रोजेक्ट से बाहर नहीं हुआ भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। चाबहार-जाहेदान रेलवे प्रोजेक्ट से भारत के बाहर निकाले जाने की खबरों का ईरान ने खंडन किया है। दरअसल, भारतीय अखबार में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया था कि चाबहार प्रोजेक्ट से नई दिल्ली को बाहर कर दिया गया है। ईरान और भारत के बीच चार साल पहले चाबहार पोर्ट से अफगानिस्तान सीमा पर जाहेदान तक रेल लाइन बिछाने को लेकर समझौता हुआ था।

## पाक ने भारत को दिया सशर्त कॉन्सुलर ऐक्सेस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। भारतीय उच्चायोग के दो अधिकारियों ने जासूसी के आरोप में पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव से मुलाकात की। इस मुलाकात का एक मकसद जाधव को सुनाई गई मौत की सजा के खिलाफ इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका पर दस्तखत करवाना था। अब भारत को अपने दोनों राजनियकों की तरफ से आने वाली रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद यह साफ हो जाएगा कि यह मीटिंग कितना सार्थक रहा। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि रिपोर्ट मिलते ही वो बयान देंगे।

बहरहाल, इस मुलाकात के लिए जाधव को एक श्सब-जेलश में रखा गया है

■अनजान जगह पर जेल में मुलाकात

जिसकी लोकेशन गुप्त रखी गई। दोपहर 3 बजे उनकी मुलाकात पाकिस्तानी अधिकारियों की मौजूदगी में भारतीय राजनयिकों डेप्युटी हाई कमिश्नर गौरव अहलूवालिया और फर्स्ट जनरल सेक्रटरी चेराकुंग जेलियांग से हुई।

दोनों अधिकारी जिस गाड़ी से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय पहुंचे थे, उसे वहीं छोड़ दिया गया और इस सब-जेल तक उन्हें दूसरी गाड़ी में ले जाया गया। भारतीय अधिकारियों को जाधव से सिर्फ अंग्रेजी में बात करने के लिए कहा गया था। पाक ने कहा है कि उसने भारतीय अधिकारियों-जाधव के बीच बातचीत में टोकाटाकी नहीं की।

## लाखों के जेवरात और नगदी की चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**संवाददाता**

देहरादून। विकासनगर के छरबा गांव में अज्ञात शख्स ने एक घर से लाखों की ज्वेलरी समेत पर हाथ साफ कर लिया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरी के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की और जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर गुरुवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही चोरी की गई नगदी और जेवरात बरामद कर लिए गए हैं। पूछताछ में युवक ने चोरी की घटना को कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी किए गए जेवरात, मोबाइल और नगदी समेत सारा सामान बरामद कर लिया। फिलहाल, आरोपित को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। वहीं, पुलिस पूछताछ में रियासत उर्फ इरशाद ने बताया कि वो स्मैक का आदी है। पैसों की तंगी के कारण वह स्मैक नहीं ले पा रहा था।

## पायलट खेमे को हाईकोर्ट से राहत नहीं, सुनवाई टली

### पायलट खेमे ने कोर्ट से नोटिस को रद्द करने की मांग की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जयपुर। राजस्थान में सियासी घमासान जारी है। इस बीच राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सी. पी. जोशी की ओर से कांग्रेस के बागी विधायकों को भेजे गए नोटिस पर सचिन पायलट खेमे ने राजस्थान हाईकोर्ट की शरण ली है। हाईकोर्ट में पायलट खेमे ने याचिका दाखिल कर स्पीकर की ओर से भेजे गए नोटिस पर सवाल किया है। नोटिस मामले की सुनवाई करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने आज के लिए सुनवाई को टाल दिया है। अब इस मामले पर सुनवाई शुक्रवार को हो सकती है।

**स्पीकर की ओर से पायलट खेमें को भेजा गया है नोटिस**

दरअसल कांग्रेस की ओर से जारी व्हिप और स्पीकर की ओर से भेजे नोटिस को लेकर पायलट खेमा लगातार इसके कानूनी महत्व पर सवाल उठा रहा है। साथ ही इस मामले में यह जानकारी भी मिल रही थी कि नोटिस के कानूनी पहलूओं को जानने के लिए सचिन पायलट और उनके साथी लगातार कानून के जानकारों से संपर्क बना रहे थे। इधर बीजेपी भी कांग्रेस को नोटिस मामले में घेरने की कोशिश कर रही हैं। यह भी जानकारी मिली है कि इस मामले में स्पीकर सी.पी. जोशी की ओर से कांग्रेसी नेता और जाने-माने वकील अभिषेक मनु सिंघवी पैरवी कर रहे हैं। वहीं पायलट खेम की ओर से हरिश साल्वे मामले की पैरवी कर रहे हैं।

### नोटिस मामले की अगली सुनवाई खंडपीठ करेगी

इससे पहले जब दोपहर तीन बजे सुनवाई शुरू हुई तो नोटिस को रद्द करने की मांग की गई। लेकिन इस मामले में सचिन पायलट खेमे को कोई भी राहत नहीं मिली, जिसके बाद पायलट खेमे के वकील हरीश साल्वे की ओर से हाईकोर्ट से समय मांगा गया। हाईकोर्ट ने आगे की सुनवाई कल तक के लिए टाल दी है। इस बीच जानकारी ये भी आ रही है कि नोटिस मामले की अगली सुनवाई खंडपीठ करेगी, जिसके लिए हाईकोर्ट एक बैंच का गठन करेगा।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


## अर्थव्यवस्था पर पीएम ने संभाला मोर्चा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना से प्रभावित देश की अर्थव्यवस्था को संकट से कैसे उबारा जाए, इसकी रणनीति तय करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ मीटिंग कर रहे हैं। सूत्रों ने जानकारी दी है कि वो दोनों मंत्रालयों के टॉप 50 अधिकारियों से अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर भविष्य की रणनीति पर राय मांग रहे हैं।

इसके लिए पीएम ने अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डेढ़ घंटे तक बातचीत की।

### दो मंत्रालयों के टॉप 50 अफसरों के साथ मीटिंग

इस दौरान अधिकारियों ने प्रजेंटेशन के जरिए पीएम के साथ अपना-अपना आइडिया शेयर किया। इससे पहले, पीएम ने आर्थिक सलाहकार परिषद के साथ-साथ वित्त मंत्रालय और नीति आयोग के मुख्य एवं प्रधान आर्थिक सलाहकारों से भी अलग-अलग मीटिंग की थी।